Q.P. Code: 33662

अंक : १०० | समय : ३ घंटे

SYBA
2614118
2105
pages 2.

Hin II

(15)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए | प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं |

प्रश्न : १ : निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिये : : २७

(अ) सुन, जिसे उल्लू बनाना होता उसे कुछ चढ़ाना भी पड़ता है | क्या तू नहीं जानता कि दुधारू गाय की लात भी बर्दास्त कर लेते हैं | चूहे के ऊपर हम सबका बोझ है, इसलिए उसे हवा देना जरूरी था |

अथवा

कभी लगता कि सिंह मेरा शत्रु है, फिर कभी लगता है कि सिंह नहीं मोर ही मेरा शत्रु है और कभी यह भी सोचने लगता कि नहीं, सिंह और मोर ठीक हैं – मेरा असली शत्रु नाग है |

(आ) कंस – कैसे लौट आऊँ स्वाति ! लौटने के सब सेतु हमने स्वयं ही नष्ट कर दिए | अब तो इतनी दूर चले आये हैं, इतनी दूर, कि लौटने का विचार भी नहीं कर सकते |

अथवा

स्वाति – तुम्हारा एक सपना था यौवन के प्रथम बसंत में देखा | उसे सच करने में तुमने पहली आहुति दी – स्वाति की | वह अब मर चुकी है |

(इ) अभ्यस्त आँखों का सुंदर उदाहरण थे गजधर | गुरु–शिष्य परम्परा से काम सिखाया जाता था | नये हाथ को पुराना हाथ इतना सिखाता, इतना उठाता कि वह कुछ समय बाद 'जोड़िया' बन जाता | जोड़िया यानी गजधर का विश्वसनीय साथी |

अथवा

जैसलमेर मरुभूमि का एक ऐसा राज रहा है , जिसका व्यापारी दुनिया में डंका बजता था | फिर मंदी का दौर आया पर जैसलमेर और उसके आस-पास तालाब बनाने का काम मंदा नहीं पड़ा |

प्रश्न : २ : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : : ३६

(क) 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास का सन्देश स्पष्ट कीजिये |

अथवा

'जंगल तन्त्रम' उपन्यास में लेखक ने चूहे के माध्यम से सामान्य जनता की किन समस्याओं को अभिव्यक्त किया है ?

(ख) 'कथा एक कंस की' नाटक की संवेदना पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक की स्वाति के चरित्र पर प्रकाश डालिए |

(ग) 'साफ़ माथे का समाज' निबंध के आधार पर तालाबों की स्वच्छता हेतु अपनाई जाने वाली प्रमुख सावधानियों पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'आज भी खरे हैं तालाब' निबंध के माध्यम से अनुपम मिश्र क्या सन्देश देना चाहते हैं ?

3A43C78EF12A14F33912714CDB754E6D

प्रश्न:३: निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : : १२

'जंगल तन्त्रम' उपन्यास के 'मोर' और 'नाग' की प्रतीकात्मकता और उनकी विशेषताएँ बताइए |

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक के कंस का चरित्र स्पष्ट कीजिये |

अथवा

'सागर के आगर' पाठ के आधार पर तालाबों के प्रमुख हिस्सों की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए |

प्रश्न : ४ : निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए : : १५

(च) जंगल तन्त्रम की चुनाव प्रक्रिया

अथवा

जंगल तन्त्रम में नेता, पूंजीपति और प्रशासन की मिलीभगत

(छ) कथा एक कंस की नाटक की देवकी

अथवा

प्रद्योत का चरित्र

(ज) तालाब निर्माण के समय आयोजित होने वाले उत्सव

अथवा

वर्तमान में तालाबों की उपयोगिता

प्रश्न : ५ : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : : १०

१- रात होते ही बच्चे नानी के कमरे में क्यों जमा होने लगे ?

२- जंगल तन्त्रम की कहानी कितनी रातों में पूरी होती है ?

३- जंगल तन्त्रम का सिंह किसका प्रतीक है ?

४- जंगल तन्त्रम की राजभाषा क्या बनाई गई ?

५- कंस के पिता का नाम बताइए ?

६- जरासंध किस देश का राजा था ?

७- 'कथा एक कंस की' नाटक के वासुदेव ने किसकी आँख में तीर मारा ?

८- कूडन की बेटी को कौन सा पत्थर मिला था ?

९- तालाब बनाने वालों को आदर के साथ क्या कहते हैं ?

१०-तालाब के कोई और तीन नाम बताइए ?

3A43C78EF12A14F33912714CDB754E6D